समर्थन मूल्य पर 2304 किसानों से 1.78 लाख क्विंटल से अधिक गेहूँ की खरीदी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 मई. जिले में समर्थन मूल्य पर सुव्यवस्थित ढंग से गेहूँ का उपार्जन जारी है। जिले में गेहूँ उपार्जन के लिये वर्तमान में 40 केन्द्र संचालित हैं। शनिवार 2 मई तक जिले में कुल मिलाकर 2 हजार 304 किसानों से 01 लाख 78 हजार 361 क्विंटन गेहूँ की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचकर गए किसानों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जिले में तेजी से भुगतान किया जा रहा है। अब तक लगभग 14 करोड़ 78 लाख रुपए का भुगतान किसानों को किया जा चुका है।

कलेक्टर रुचिका चौहान ने गेहूँ उपार्जन व्यवस्था से जुड़े विभागों के अधिकारियों को लगातार खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसानों को अपनी उपज बेचने में कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। इस कड़ी में जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अरविंद सिंह भदौरिया सहित अन्य अधिकारियों ने करहिया सहित अन्य खरीदी केन्द्रों का शनिवार को निरीक्षण किया।

जिला आपूर्ति अधिकारी भदौरिया ने बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ बेचने के लिये जिले में कुल 14 हजार 447 किसानों ने पंजीयन कराया है। अब तक 8 हजार 403 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई गई है। सरकार द्वारा स्लॉट बुकिंग की तिथि 23 मई तक बढ़ा दी गई है। ज्ञात हो सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर 2625 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से गेहूँ की खरीदी की जा रही है।

हर खरीदी केन्द्र पर किसानों के लिये की गई हैं बेहतर व्यवस्थायें

जिले के प्रत्येक खरीदी केन्द्र पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिशा-निर्देशों के तहत किसानों के लिये पेयजल, छाया, गुड़-चना, शरबत, छाछ व ओआरएस इत्यादि की व्यवस्था की गई है। साथ ही गर्मी के मौसम को ध्यान में रखकर प्राथमिक चिकित्सा किट की व्यवस्था भी कराई गई है। कलेक्टर रुचिका चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसानों को अपनी उपज बेचने में जरा सी भी दिक्कत नहीं होनी चाहिए। किसानों के साथ पूरी संवेदनशीलता बरतें और स्लॉट बुकिंग के अनुसार खरीदी की जाए।

बेहाल जिला अस्पताल, प्रबंधन मौन

किसी मशीन को डॉक्टर का इंतजार,तो कहीं मशीनें 'बीमार',लिफ्ट बेकार

रविन्द्र सिंह चौहान

ग्वालियर 2 मई. गर्मी के मौसम ने दस्तक दे दी है, जिसके साथ ही मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ गया है। इसके चलते मुरार स्थित जिला अस्पताल में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

मरीज करा रहे प्राइवेट जांचे व अल्ट्रासाउंड, जेब पर पड़ रहा बोझ

लेकिन, अस्पताल के भीतर की लचर व्यवस्था मरीजों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। अस्पताल में कहीं जांच मशीनें खराब पड़ी हैं, तो कहीं अल्ट्रासाउंड मशीन चालू होने के बावजूद वहाँ डॉक्टर ही नहीं है जिससे मरीजों को मजबूरन प्राइवेट लैब्स का रुख करना पड़ रहा है।

जांच मशीनों की खराबी से बढ़ी मरीजों की मुश्किलें- जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को रूटीन जांचों के लिए भी भारी जद्दोजहद करनी पड़ रही है। कई आवश्यक जांच मशीनें इस समय खराब होने के कारण बंद पड़ी हैं। आपात स्थिति में मरीजों की लीवर, किडनी, हार्ट, थाइरायड, विटामिन बी,बिटामिन डी, एवं सीवीसी जैसी जाँचें नहीं हो पा रही है, जिसके कारण उन्हें मजबूरन बाहर की निजी पैथोलॉजी से महंगे दामों पर जांच करवानी पड़ रही है। इससे न सिर्फ मरीजों का समय बर्बाद हो रहा है, बल्कि उनकी जेब पर भी अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

गार्ड बोला लिफ्ट बंद, स्ट्रेचर व्हीलचेयर से जूझ रहे मरीज- पेशेंट के साथ अटेंडर जब ऊपरी मंजिल में जाने के लिए लिफ्ट में गए तो लिफ्ट का दरबाजा लग गया पर लिफ्ट ऊपर नहीं गई तब वहां मौजूद गार्ड ने बताया कि लिफ्ट खराब है। अस्पताल की ऊपरी मंजिलों पर बने वार्डों तक पहुंचने के लिए लिफ्ट एक मुख्य साधन है। इस कारण स्ट्रेचर और व्हीलचेयर वाले मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। परिजनों को अपने मरीजों को गोद में या स्ट्रेचर उठाकर सीढ़ियों से ले जाना पड़ रहा है, जिससे मरीजों की परेशानी तो बढ़ ही रही है, साथ ही उनके स्वास्थ्य पर भी विपरीत असर पड़ने का खतरा बना रहता है।

आज लेब में ऐ सी खराब हो गया था उसकी लाईन फुक गई थी लेब में ठंडक नहीं होने के कारण आज कोई जाँचें नहीं हो पाई है अभी भी सुधारने का काम चल रहा है। लिफ्ट खराब नहीं थी लोग किसी भी मंजिल पर लिफ्ट का बटन दवाये रखते है बटन दबा होने से लिफ्ट ना ऊपर जाती है और ना नीचे जाती है फिर लोग समझते है कि लिफ्ट खराब हो गई।

डॉ. राजेश कुमार शर्मा
सिविल सर्जन, जिला चिकित्सालय मुरार

मौसमी बीमारियों से ओपीडी में उमड़ रही भीड़

गर्मी के कारण उल्टी-दस्त, बुखार, डिहाइड्रेशन और मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या में अचानक बड़ा इजाफा हुआ है। ऐसे में मरीजों की भारी भीड़ के सामने अस्पताल की व्यवस्थाएं बौनी साबित हो रही हैं। मरीजों को पर्चा बनवाने से लेकर डॉक्टर को दिखाने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

अल्ट्रासाउंड की मशीन चालू, उसे डॉक्टर का इंतजार

अस्पताल की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यहां अल्ट्रासाउंड की मशीन तो पूरी तरह से स्वस्थ (चालू हालत) है, लेकिन उसे संचालित करने के लिए कोई रेडियोलॉजिस्ट या विशेषज्ञ डॉक्टर ही उपलब्ध नहीं है। इस कारण जरूरतमंद मरीजों और विशेषकर भर्ती मरीजों को अल्ट्रासाउंड जैसी महत्वपूर्ण जांच के लिए बाहर के प्राइवेट केंद्रों में जाना पड़ रहा है।

मेरे पिताजी यहां एडमिट है सुबह डॉ ने उन्हें कुछ जांचे लिखी और अल्ट्रासाउंड व एमआरआई लिखी हम जांच करवाने गए तो हमें वहाँ स्टाफ ने बताया कि अभी ये जांचे नहीं हो रहीं क्योकि जांच मशीन खराब है कब तक सही होगी कहा नहीं जा सकता तब हमने 5 हजार की जांचे प्राइवेट करवाई।

सुनील अरोरा,पेशेंट अटेंडर

हमारी माताजी वृद्ध है यहां भर्ती है उनके पेट मे तकलीफ है डॉ ने अल्ट्रासाउंड लिखा था हम अल्ट्रासाउंड कक्ष में गए तो वहां ताला लगा हुआ था स्टाफ ने बताया कि अल्ट्रासाउंड मशीन तो चालू है पर इसे चलाने के लिए डॉक्टर ही नहीं है। फिर हमने मजबूरन पिताजी का अल्ट्रासाउंड प्राइवेट करवाया।

प्रियंका , पेशेंट की अटेंडर

कांग्रेस साधारण सभा की बैठक आज

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 मई। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश के अन्नदाता किसान भाइयों की मांगों, हक और अधिकारों की लड़ाई को तेज करने के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा व्यापक आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में शहर जिला कांग्रेस

कमेटी एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी ग्वालियर के तत्वाधान में आगामी आंदोलन की रूपरेखा, रणनीति एवं तैयारियों को लेकर आज 3 मई रविवार को कांग्रेस भवन, शिंदे की छावनी, ग्वालियर में कांग्रेस की साधारण सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। बैठक में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश शासन के पूर्व मंत्री एवं ग्वालियर जिला प्रभारी पी.सी. शर्मा तथा ग्रामीण जिला कांग्रेस प्रभारी घनश्याम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में आंदोलन को प्रभावी और जन-जन तक पहुंचाने के लिए विस्तृत चर्चा की जाएगी।

सफलता की त्रिवेणी

एक ही परिवार के तीन बच्चों ने बढ़ाया ग्वालियर का मान

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर 2 मई. कहते हैं कि अगर इरादे फौलादी हों और परिवार का साथ मिले, तो सफलता कदम चूमती है। इसे सच कर दिखाया है ग्वालियर के महलगांव स्थित शर्मा परिवार के तीन बच्चों ने। हाल ही में घोषित हुए आईसीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणामों में एक ही परिवार के तीन होनहारों ने शानदार सफलता हासिल कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि पूरे ग्वालियर शहर का नाम रोशन किया है।

खुशी में डूबा परिवार, बधाई देने वालों का तांता- बच्चों की इस सामूहिक सफलता से दिनेश शर्मा के परिवार में उत्सव का माहौल है। घर पर मिठाइयां बांटी जा रही हैं और रिश्तेदारों व शुभचिंतकों की ओर से बधाई संदेशों का तांता लगा हुआ है। माताजी का संदेश: बच्चों की इस उपलब्धि पर उनकी माताजी ने भावुक होते हुए कहा, आज मेरी खुशी का ठिकाना नहीं है। मेरे बच्चों ने साबित कर दिया कि मेहनत कभी बेकार नहीं जाती। उन्होंने न केवल हमारा सिर गर्व से ऊंचा किया है, बल्कि शहर को भी गौरवान्वित किया है। शर्मा परिवार के इन सितारों ने यह साबित कर दिया है कि छोटे शहर से निकलकर भी बड़े सपनों को हकीकत में बदला जा सकता है।

आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में महलगांव के शर्मा परिवार का जलवा, वैभव ने स्कूल में किया टॉप

वैभव ने स्कूल में हासिल किया प्रथम स्थान

कक्षा 10वीं के छात्र वैभव शर्मा ने अपनी कड़ी मेहनत और एकाग्रता के दम पर पूरे स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वैभव अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिवार के मार्गदर्शन को देते हैं। भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए वैभव ने बताया कि उनका लक्ष्य आईआईटी में प्रवेश पाना है, जिसके लिए उन्होंने अभी से गंभीरता से तैयारी शुरू कर दी है।

तन्मय ने देखा है देश सेवा का सपना, एनडीए की तैयारी

इसी परिवार के तन्मय शर्मा ने इस वर्ष 12वीं (इंटरमीडिएट) की कठिन परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। तन्मय का मानना है कि आईसीएसई का पाठ्यक्रम चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन शिक्षकों के सही मार्गदर्शन और अनुशासन से इसे आसान बनाया जा सकता है। तन्मय अब एनडीए (राष्ट्रीय रक्षा अकादमी) के माध्यम से सेना में अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं।

कार्तिक उपाध्याय ने 90 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ लहराया परचम

परिवार के तीसरे होनहार कार्तिक उपाध्याय ने 10वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कार्तिक का कहना है कि यह तो बस शुरुआत है, भविष्य में वे और भी कड़ी मेहनत कर एक सफल करियर बनाना चाहते हैं।

एक शाम आशा भोसले जी के नाम आज

ग्वालियर. निनाद संगीत समूह के बैनर तले 3 मई को आशा भोसल की याद में उनको श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें शहर के कुछ गायक आशा के गाए हुए गानों की प्रस्तुति देकर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे.

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आभा अग्रवाल पत्नी श्री अरविन्द अग्रवाल एवं श्री अरविन्द अग्रवाल पुत्र स्व. श्री सतीश चन्द्र अग्रवाल के स्वत्व स्मामित्व एवं आधिपत्य की निर्मित भवन सम्पति स्थित, राय सिंह का बाग, कम्पू लश्कर परगना व जिला ग्वालियर म.प्र. में है जिसका क्षेत्रफल 400 वर्गफुट है और नगर निगम भवन क्र. 50/2263 और वार्ड क्रमांक 50 है। उक्त वर्णित भवन सम्पति की चतुर्सीमा निम्न प्रकार है- पूर्व में- भवन रामचरण जाटव, पश्चिम में- रास्ता आम गली, उत्तर में- भवन नत्थू, दक्षिण में- भवन सीता बाल्मीक है। उक्त वर्णित भवन सम्पति को श्रीमती आभा अग्रवाल एवं श्री अरविन्द अग्रवाल ने ई-पंजीकरण रजिस्ट्री क्रमांक एमपी1426020190 1157415, दिनांक 06/03/2019 के द्वारा इसके पूर्व स्वामी श्री नारायण बाथम पुत्र श्री राजाराम बाथम से क्रय किया था और श्री नारायण बाथम ने इसके पूर्व स्वामि श्री नन्दकिशोर बाथम पुत्र स्व. श्री ग्यासीराम बाथम से ई-पंजीकरण रजिस्ट्री क्रमांक एमपी 1426020170 1405062, दिनांक 17/07/2017 के द्वारा क्रय किया था और उक्त वर्णित सम्पति श्री नन्दकिशोर बाथम की पैतृक सम्पति थी जो वर्तमान में श्रीमती आभा अग्रवाल एवं एवं श्री अरविन्द अग्रवाल के नाम समस्त कागजात सरकारी व शासकीय अभिलेखों में स्वामी के रूप में दर्ज है। उक्त वर्णित निर्मित भवन सम्पति को खरीदने के लिए श्री फिरोज खान पुत्र श्री उस्मान खान ने श्रीमती आभा अग्रवाल एवं श्री अरविन्द अग्रवाल से लिखतम अनुबंध पत्र सम्पादित करा लिया है जिसका विक्रय पत्र किया जाना निश्चित है और वर्णित सम्पति पर श्री फिरोज खान पुत्र श्री उस्मान खान ने मेरी पक्षकार सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया शाखा पुरानी छावनी ग्वालियर से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है जो विचाराधीन है। अगर बैंक के नियम व उपनियमों के अधीन वर्णित निर्मित भवन सम्पति, बंधक योग्य पाई जाती है तो बैंक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर विचार कर वर्णित संपति को अपने हित में बंधक कर ऋण स्वीकृत किया जावेगा। उक्त वर्णित सम्पति पर व इसके असल विक्रय-पत्रों एवं इसके समस्त असल दस्तावेजों पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, कंपनी, वित्तीय संस्था, फर्म, सोसायटी, व्यक्ति विशेष एवं शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग अथवा निकाय का कोई ऋण आदि बकाया हो या कोई हित-निहित हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी सबूतों के मेरे कार्यालय पर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति करें, अवधि गुजरने के उपरांत उक्त वर्णित निर्मित भवन सम्पति के संबंध में की गई समस्त आपत्तियां, दावे व कार्यवाहियाँ मेरी पक्षकार बैंक एवं श्रीमती आभा अग्रवाल एवं श्री अरविन्द अग्रवाल के हक के मुकाबले अवैध व शून्य समझी जावेंगी।

दिनांक :- 02/05/2025

प्रेषक- जे.पी. शर्मा (एडवोकेट)
कार्यालय- 5,**सोमिल कॉम्प्लेक्स आयकर भवन के पास**
सिटी सेन्टर, ग्वालियर **मो. 9425338053**

नालियों में गोबर बहाने और गंदगी फैलाने वालों पर 44 हजार का जुर्माना

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 मई। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के अभियान के तहत नगर निगम ग्वालियर ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। निगम प्रशासन ने आदतन गंदगी फैलाने वालों और सीवर लाइनों में गोबर बहाने वाले डेयरी संचालकों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कुल 44 हजार रुपये का जुर्माना वसूला। इसमें अकेले गोबर बहाने पर 28 हजार और अन्य स्थानों पर गंदगी फैलाने पर 16 हजार रुपये की पेनल्टी लगाई गई।

तीन विधानसभा क्षेत्रों में ताबड़तोड़ कार्रवाई

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त श्री टी. प्रतीक राव के निर्देशन में मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वैभव श्रीवास्तव ने शहर के अलग-अलग हिस्सों में विशेष टीमों को तैनात किया था।

ग्वालियर पूर्व वार्ड 19: सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सिद्धार्थ तिवारी के नेतृत्व में टीम ने भैंस डेयरी पर दबिश दी। यहाँ सीवर और नालियों में सीधे गोबर बहाया जा रहा था, जिस पर 22,000 रुपये का भारी जुर्माना लगाया गया।

ग्वालियर विधानसभा वार्ड 08 व 14: शिवनगर में काली माता मंदिर के पास संचालित डेयरी पर सीवर लाइन चोक करने के चलते 6,000 रुपये का जुर्माना हुआ। वहीं, कुरैशी मोहल्ला में 06 बूचड़खाना संचालकों पर गंदगी फैलाने के लिए कुल 6,000 रुपये की दंडात्मक कार्रवाई की गई।

ग्वालियर दक्षिण वार्ड 55: यहाँ केजीएन ग्रुप मुर्गा फार्म द्वारा व्यापक गंदगी फैलाने की शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद स्वास्थ्य अधिकारी किशोर चौहान के नेतृत्व में 10,000 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया।

सीवर जाम की समस्या का मुख्य कारण है गोबर

अधिकारियों के अनुसार, डेयरी संचालकों द्वारा सीधे नालियों और सीवर लाइन में गोबर बहाने से शहर की ड्रेनेज व्यवस्था पूरी तरह ठप हो जाती है। इससे न केवल सड़कों पर जलभराव होता है, बल्कि बीमारियां फैलने का खतरा भी बना रहता है।

निगम की अपील: मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी ने चेतावनी दी है कि यदि डेयरी संचालक और व्यावसायिक प्रतिष्ठान स्वच्छता नियमों का पालन नहीं करेंगे, तो आने वाले दिनों में जुर्माने की राशि बढ़ाने के साथ-साथ प्रतिष्ठानों को सील करने की कार्रवाई भी की जाएगी।

ग्वालियर में हिट एंड रन : नगर निगम के कचरा वाहन से युवक की मौत, चालक मौके से फरार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 2 मई। शहर में लापरवाही भरी ड्राइविंग ने एक और जान ले ली। ग्वालियर के जनकगंज थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर नगर निगम के कचरा वाहन ने एक युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही गंभीर हालत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज शुरू होने से पहले ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान 26 वर्षीय अभिषेक प्रजापति के रूप में हुई

है, जो दाना ओली क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। घटना नेहरू पेट्रोल पंप के पास करीब दोपहर 2 बजे की है, जहां तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे कचरा वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसे के बाद चालक ने वाहन नहीं रोका, बल्कि मौके से फरार हो गया। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हादसे के बाद वाहन को भागते हुए देखा जा सकता है। हैरानी की बात यह भी सामने आई कि वाहन पर स्पष्ट नंबर अंकित नहीं था, जिससे आरोपी की पहचान में मुश्किलें आ रही हैं।परिजनों ने बताया कि अभिषेक रोज की तरह घर से काम के लिए निकला था, लेकिन रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और परिजनों ने आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और वीडियो फुटेज के आधार पर कचरा वाहन एवं चालक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

गुमशुदा की तलाश

नाम-नरेन्द्र कुमार
रंग-सांवला
ऊंचाई- 4.08 इंच
उम्र-45 वर्ष
मेरा भाई विगत 18 दिनों से घर से चला गया है। कृपया कहीं दिखने पर निम्न पते एवं मो.नं. पर सूचित करने का कष्ट करें.
पता
प्रेमचन्द, जती की लाइन बिरला नगर ग्वालियर
मो.नं. 9584288808